08/10/2023

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के. टी. परनाइक ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें राज्य के लोगों की ओर से शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को अरुणाचल की विकास परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने राज्य के बॉर्डर विलेज में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के विषय में प्रधानमंत्री से चर्चा की। राज्यपाल के. टी. परनाइक ने प्रदेश में ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, मोबाईल कनेक्टिविटी सहित आधारभूत विकास परियोजनाओं, असम- अरुणाचल सीमा विवाद समझौते को लागू करने में हुई प्रगति के साथ ही उग्रवाद प्रभावित तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को अरुणाचल में कृषि, बागवानी और सर्विस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में भाजपा द्वारा राज्य के दस जिलों के ग्राम पंचायत चेयरपर्सन्स के लिए आज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण और जनजातीय मामलों के मंत्री आलो लिबांग, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बियुराम वाघे, लोकसभा सांसद तापिर गाव, विधायक कैंतो रिना सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अपने संबोधन में श्री लिबांग ने ग्राम पंचायत चेयरपर्सन्स से गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय जरुरतों को ध्यान में रखकर विकास कार्ययोजना तैयार करने और सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से पारदर्शिता के साथ लागू करने का आह्वान किया। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के. टी. परनाइक ने शुक्रवार को राजभवन देहरादून में उत्तराखण्ड के राज्यपाल गुरमीत सिंह से मुलाकात की।

बैठक के दौरान हिमालयन स्टेट्स में डेवलपमेंटल प्रोग्रेस पर चर्चा की गई। राज्यपाल के.टी. परनाइक ने अरुणाचल की समृद्ध संस्कृति और पर्यटन क्षमता का जिक्र करते हुए दोनों राज्यों के छात्रों, सरकारी अधिकारियों और हॉर्टिकल्चर सेक्टर में एक्सचेंज प्रोग्राम पर जोर दिया।

000000000000000

भारतीय जनता युवा मोर्चा-भाजयुमो की अरुणाचल इकाई के अध्यक्ष रितेम्सो मान्यु ने आज पासीघाट से युवा संवाद यात्रा शुरु की। इसके तहत उन्होंने स्थानीय लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में संवाद किया और उन्हें जागरुक किया। श्री मान्यु ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लाभार्थियों से उनके जीवन में आए बदलाव के बारे में संवाद किया।

000000000000

तवांग जिले के वाईब्रेंट विलेज जेमिथांग की ऑल वीमेन येहमोत्सोर्ग्येलिंग सेल्फ हेल्प ग्रुप ने जेमिथांग में कोमोज केफे शुरु किया है। बॉर्डर विलेज की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भारतीय सेना द्वारा जेमिथांग की महिला स्व सहायता समूह को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया है और उन्हें अपना उद्यम शुरु करने के लिए जरुरी सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने ट्वीट में सेना की इस कदम की सराहना की है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी और शहरी विकास विभाग के आयुक्त पवन कुमार सेन ने कहा है कि गरीब हो या अमीर, ग्रामीण और शहरी, छात्र और अधिकारी सभी के लिए प्रतिदिन एक घंटे पढ़ना जरुरी है। अपने छात्र जीवन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेजी भाषा में वे बहुत कमजोर थे और योजनाबद्ध तरीके से रिडिंग हैबिट से उनकी भाषा पर पकड़ मजबूत हुई। तेजू में आज डेनिंग कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन और एजुकेशन डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित रिड एलाउड सेशन फॉर ऑल के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्रों, लाईब्रेरी वोलेंटियर्स, शिक्षको और अधिकारियों से बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत डालने की अपील की।

000000000000000000000000

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा आज गुवाहाटी में, एक हज़ार 182 पूर्व आदिवासी उग्रवादियों में से प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए का चेक सौंपा। ये उग्रवादी पांच संगठनों से जुड़े रहे हैं। ये संगठन हैं आदिवासी कोबरा मिलिट्री ऑफ असम, ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी, बिरसा कमांडो फोर्स, आदिवासी पीपुल्स आर्मी और संथाल टाइगर फोर्स। इन उग्रवादियों ने इस वर्ष जुलाई में अपने हथियार सौंप दिए थे। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों में से 453 उग्रवादी **आदिवासी कोबरा मिलिट्री ऑफ असम** के हैं। सभी पांच गुटों ने केंद्र और राज्य सरकार के साथ पिछले वर्ष एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

0000000000000000

वेस्ट कामेंग जिला प्रशासन ने 'सेना प्रदर्शन' नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम में एक मासिक यात्रा शामिल है, जिसके दौरान लगभग 75 स्कूली छात्रों को हर महीने के पहले शनिवार को टेंगा में बॉल ऑफ फायर आर्मी संग्रहालय में ले जाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के बीच देश के इतिहास और भारतीय सेना की समर्पित सेवा की गहरी समझ और सराहना को बढ़ावा देना है। शनिवार को, विभिन्न स्कूलों के 76 छात्रों के एक समूह को संग्रहालय में ले जाया गया, जहां उन्होंने भारतीय सेना की ओर से प्रदर्शित तस्वीरों, हथियारों, उपकरणों, कलाकृतियों आदि की एक श्रृंखला देखी। सेना के अधिकारियों ने छात्रों के शैक्षिक अनुभव को समृद्ध करते हुए ऐतिहासिक घटनाओं, जीत और दिलचस्प तथ्यों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

000000000000000000000000

एनडीआरएफ की पहली बटालियन ने शनिवार को संपन्न हुई अंतर–बटालियन योग प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। द्वितीय बटालियन एनडीआरएफ ने उपविजेता स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में योगासन, कलात्मक एकल जोड़ी और समूह योग, और लयबद्ध और मुक्त प्रवाह योग नृत्य जैसे कार्यक्रम शामिल थे। कार्यवाहक कमांडेंट, 12 बटालियन एनडीआरएफ, दोईमुख, दौलत राम चौधरी ने राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।

0000000000000000000000

चेन्नई में क्रिकेट विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 200 रन का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 50वें ओवर में 199 रन पर आउट हो गई। स्टीव स्मिथ ने 46 और डेविड वॉर्नर ने 41 रन की पारी खेली।

भारत की ओर से रवीन्द्र जडेजा ने तीन, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट लिए। विश्व कप में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 12 मैच हुए हैं। इनमें से 8 बार ऑस्ट्रेलिया ने और 4 बार भारत ने जीत हासिल की है।

0000000000000000000